संक्षिप्त

पेंशनर्स कम्बल बांटेंगे

दौसा। राजस्थान पेंशनर्स समाज दौसा द्वारा असहाय, निर्धन, जरुरतमंद लोगो को गर्म वस्त्र एवं कम्बल वितरण किये जावेगें। इधर बुधवार को पेंशनर्स समाज ने विनायक मंदिर में पूजा अर्चना के साथ ही इस कार्य का शुभारंभ किया। जिला संगठन प्रभारी महेश आचार्य ने बताया कि राजस्थान पेंशनर्स समाज दौसा द्वारा गरीब, असहाय, जरुरतमंद लोगो को भीषण सर्दी के बचाव के लिए गर्म कपडे एवं कम्बल वितरण किय जावेगे। इस कड़ी में बुधवार को सर्वप्रथम राजस्थान पेंशनर्स समाज ने मंदिर में पहुंचकर भगवान श्री गणेश के श्रीचरणों में अर्जी लगाते हुए जनमंगल की प्रार्थना की। इस अवसर पर राजस्थान पेंशनर समाज के संरक्षक सीताराम शास्त्री, उपाध्यक्ष शंभू दयाल गुप्ता, उपाध्यक्ष वैद्य मोहनलाल गौतम, वरिष्ठ सदस्य राधा मोहन शर्मा एवं श्याम बिहारी लाल, जिला संगठन प्रभारी महेश आचार्य तथा प्रचार प्रभारी पारस जैन उपस्थित रहे।

रैन बसेरे का अवलोकन

निवाई। तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सृष्टि चौधरी ने शहर में संचालित रैन बसेरों की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने रैन बसेरा में रह रहे मुन्ना से बात की और व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। उसने अध्यक्ष चौधरी को बताया कि रैन बसेरा में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। जिनमें खाना, रहना व कपड़े सहित सभी चीजें उपलब्ध हैं। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सृष्टि चौधरी ने बताया कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बेसहारा लोगों को रैन बसेरों में दाखिल करवाना व उन्हें सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश पर विधिक सेवा समिति निवाई द्वारा बेसहारा लोगों को रैन बसेरों में दाखिल कराया और मूलभूत सुविधाओं बाबत सुनिश्चितता की गई।

घायल की मौत

दूदू। निकटवर्ती मौजमाबाद पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन मीरा पुरा गांव में नीम की टहनी को काटने की बात को लेकर हुई मारपीट के बाद 70 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार मीरापुरा निवासी रामधन एवं राजेश चौधरी के बीच नीम की टहनी को काटने की बात को लेकर झगड़ा हो जाने पर रामधन पर किए गए हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में सवाई मानसिंह चिकित्सालय जयपुर में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान रामधन ने दम तोड़ दिया मृतक के शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

दो आरोपी पुलिस रिमांड पर

निवाई। जमींन में खजाना दिखाकर ठगी करने के मामले में गिरफ्तार दोनों आरोपियों को बुधवार को न्यायालय में पेश किया गया। जिस पर न्यायालय ने दोनों आरोपियों को पुलिस रिमांड पर भेजने के आदेश पारित किए है। थानाधिकारी घासीराम मीणा ने बताया कि निवाई में जमींन में खजाना दिखाकर ठगी करने के मामले में गिरफ्तार आरोपी मुकेश पुत्र तेजाराम मीणा व अभिषेक पुत्र कैलाशचन्द मीणा दोनों निवासी जयनारायण मीणा की ढाणी सीदडा निवाई को बुधवार को न्यायालय में पेश किया गया। जिस पर न्यायालय ने दोनों आरोपियों को पुलिस रिमांड पर भेजने के आदेश पारित किए है।

हादसे में वृद्धा सहित 4 घायल

कोटपूतली। कस्बे के दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर निकटवर्ती ग्राम नारेहड़ा पुलिया के पास बुधवार दोपहर एक ट्रक ने एक कार को टक्कर मार दी। जिसमें कार सवार वृद्धा समेत 4 जने घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री नगर, जम्मु कश्मीर निवासी खातीजा (60) अपनी पुत्रवधु रूकसाना (38), पौत्री मुकद्ष (12) व मलिक (6) के साथ अजमेर दरगाह पर जियारत कर वापस लौट रही थी। तभी ग्राम मोलाहेडा पुलिया के पास एक ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये। राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल ट्रौमा सैंटर नर्सिंग अधिकारी श्रीराम सराधना ने बताया कि चारों घायलों का राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में उपचार जारी हैं।

स्कूलों का अवकाश बढ़ाया

दौसा। जिले में कड़ाके की ठंड के मध्येनजर जिले में संचालित राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों में प्री-प्राईमरी से कक्षा 8 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों का 8 एवं 9 जनवरी का अवकाश घोषित किया है। इस दौरान विद्यालय स्टाफ यथावत उपस्थित रहकर विभागीय कार्य सम्पादित करेंगे।

पर्यवेक्षक ने मतदाता सूची के संबंध में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों बैठक ली

टोंक। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में संचालित मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का प्रथम पर्यवेक्षण आयोग द्वारा नियुक्त रोल पर्यवेक्षक एवं संभागीय आयुक्त, अजमेर शक्ति सिंह राठौड ने बुधवार को निरीक्षण किया। रोल पर्यवेक्षक ने जिला कलेक्टर कक्ष में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं जिले के निर्वाचन अधिकारियों की बैठक ली। इस मौके पर उन्होंने बताया कि जिले के विधानसभा क्षेत्रों की प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 16 दिसंबर 2025 को किया गया था, जिसमें कुल 10,61,950 मतदाता सम्मिलित किये गये है। जिले में 13,156 ऐसे मतदाता जिनकी गत गहन पुनरीक्षण वर्ष 2002 की मतदाता सूची से स्वयं की मैपिंग नहीं हो पाई है, उन्हें नोटिस जारी कर वांछित दस्तावेज प्रस्तुत कर सुनवाई की तिथि निर्धारित की गई है, जिनकी सुनवाई की जाकर नोटिस का निस्तारण 7 फरवरी 2026 तक किया जाना है। संभागीय आयुक्त ने ऐसे मतदाताओं से अपील की हैं कि वे आवश्यक दस्तावेज नोटिस जारी करने वाले अधिकारी के समक्ष निर्धारित तिथि तक आवश्यक रूप से जमा करवायें, ताकि अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची में उनका नाम सम्मिलित किया जा सके। मतदाता सूची के संबंध में 15 जनवरी 2026 तक दावे-आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकती है। जिले के विधानसभा क्षेत्रों की अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन दिनांक 14 फरवरी 2026 को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी राजनीतिक दलों ने जिले में चल रहे एसआईआर कार्य की सराहना एवं संतोष व्यक्त किया हैध् इसके बाद संभागीय आयुक्त ने कलेक्टर कार्यालय, डीएसओ ऑफिस और कोषाधिकारी कार्यालय का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को जरुरी दिशा-निर्देश दिए।

पर्यवेक्षक एवं संभागीय आयुक्त, अजमेर शक्ति सिंह राठौड ने गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया।

- संभागीय आयुक्त ने एसआईआर कार्य का निरीक्षण किया

मनोहरलाल जाट सम्मानित

निवाई। नगर पालिका में पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी के नेतृत्व में नववर्ष मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट को सम्मानित किया गया।

शहर अध्यक्ष नितिन जैन छाबड़ा ने बताया कि अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट के जन्म दिवस को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी के नेतृत्व में शहर अध्यक्ष नितिन जैन छाबड़ा, पार्षद ओमप्रकाश गुप्ता, परसराम कुमावत, राजकुमार करनानी, पारस पहाड़ी, मदन वर्मा, संजय वर्मा, बाबूलाल सैनी, कमलेश किराड, करण सिंह राजावत, जीतपाल गुर्जर, शंकर सैनी, रामबिलास बलाई, दयाराम चौधरी, सहायक अभियंता चन्द्रप्रकाश मीणा, कनिष्ट सहायक रोडूमल सैनी, कनिष्ट अधियंता सीपी चौधरी सहित सभी पार्षदों व कर्मचारियों ने माला व साफा पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया एवं केक काटकर बधाई दी।

'देवधाम जोधपुरिया केवल एक धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि सर्व समाज की आस्था का केंद्र है'

- देवधाम जोधपुरिया ट्रस्ट की नवीन कार्यकारिणी ने शपथ ली
- अध्यक्ष नरेश गुर्जर ने विवाद के बाद संभाली कमान

निवाई। देवधाम जोधपुरिया में भगवान श्री देवनारायण मंदिर ट्रस्ट की नवीन कार्यकारिणी का पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अद्वैत आश्रम हरभांवता के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर संत बालकानंदगिरी महाराज के सानिध्य में विधिवत रूप से अध्यक्ष के पद पर नरेश कुमार गुर्जर, महामंत्री रतनदीप गुर्जर एवं कोषाध्यक्ष जगदीश बोकण ने पदभार ठाहण कर ईमानदारी, पारदर्शिता एवं निष्ठा के साथ दायित्व निर्वहन की शपथ ली। इस दौरान मंत्रोच्चार एवं संतों के आशीर्वचन के बीच नई कार्यकारिणी ने देवधाम की सेवा को सर्वोपरि रखने का संकल्प लिया। समारोह में संबोधित करते हुए अध्यक्ष नरेश गुर्जर ने कहा कि देवधाम जोधपुरिया केवल एक धार्मिक स्थल ही नहीं, बल्कि सर्व समाज की आस्था एवं पहचान का केंद्र है। उन्होंने कहा कि उनकी कार्यकारणी की प्राथमिकता सभी वर्गों को साथ लेकर मंदिर का चहुंमुखी विकास कराना है, मंदिर की व्यवस्थाओं को सुदृढ करना एवं ट्रस्ट के कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखना रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि बीते विवादों को छोड़कर अब विकास व समन्वय के रास्ते पर आगे बढकर विकास के कार्य किए जाएंगे। इस दौरान हजारों की संख्या में गुर्जर समाज के लोगों की उपस्थिति ने समारोह को ऐतिहासिक बना दिया। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को देवस्थान विभाग अजमेर का फैसला आने के बाद बुधवार को नई कार्यकारिणी ने पदभार ठाहण किया। इससे देवधाम जोधपुरिया में लंबे समय से बनी असमंजस की स्थिति समाप्त हुई है।

समाज और श्रद्धालुओं को उम्मीद है कि नई टीम के नेतृत्व में देवधाम का विकास नई गति पकड़ेगा एवं मंदिर प्रबंधन में स्थायित्व आएगा। कार्यक्रम में विधायक रामसहाय वर्मा, शिवप्रताप हरसाणा, पूर्व प्रधान हेमराज गुर्जर दौसा, भूणाराम गुर्जर चाकसू, पूर्व महामंत्री सवाईभोज गुर्जर, रामधन गुर्जर, श्योजीराम गुर्जर, अम्बालाल छोरिया, सुरेश कसाणा, श्रवण सेदरिया, हंसराज कसाणा व सीताराम गुर्जर सहित समाज के कई वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि एवं संत मौजूद थे।

महिलाओं को जागरूक किया

निवाई। डाक बंगले में सिकोइडिकोंन संस्था के तत्वावधान में जेंडर पर आधारित हिंसा को समाप्त करने एवं जेंडर समानता को बढाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र के विधिक परामर्शदाता द्वारा लेगिंग उत्पीडन, साइबर क्राइम, वीडियो फोटोज वायरल, महिलाओं पर हो रहे घरेलु हिंसा को लेकर विस्तार जानकारी दी। उन्होंने बढ रहे सोशल क्राइम को लेकर आपातकालीन नम्बर दिए।

रेल समस्याओं को लेकर सांसद राव राजेंद्र सिंह को ज्ञापन दिया

फुलेरा। जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह को समीपवर्ती रेल स्टेशन ढींढा पर पहुंचने पर दैनिक रेलयात्री संघ एकीकृत फुलेरा, दैनिक रेल यात्री संघ आसलपुर-जोबनेर एवं दैनिक रेल यात्री संघ ढिंढा की ओर से संयुक्त ज्ञापन सौंपा गया। अशोक वासदेव ने बताया कि ज्ञापन में मांग की गई कि शाम 5 से 5:30 बजे के बीच जयपुर से डेमू ट्रेन चलाई जाए, ताकि कनकपुरा सहित आसपास के क्षेत्रों से दैनिक आवागमन करने वाले मजदूर वर्ग एवं रेल यात्रियों को सीधा लाभ मिल सके। रेल यात्रियों ने बताया कि वर्तमान में शाम 6:40 बजे आने वाली जयपुर-भोपाल ट्रेन (19711) में अत्यधिक भीड़ रहती है। इससे बुजुर्ग, महिलाएं और दैनिक रेल यात्री कई बार ट्रेन में चढ़ ही नहीं पाते और चढ़ने-उतरने की अफरा-तफरी में पूर्व में दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि करीब ढाई वर्ष पूर्व जयपुर में ईएमयू (इलेक्ट्रिक डेमू) ट्रेन का रेक आया था, जिसे जयपुर-अजमेर के बीच चलाने का प्रस्ताव था, किंतु तकनीकी कारणों से उसे वापस भेज दिया गया। क्षेत्र में अब पूर्ण रूप से इलेक्ट्रिफिकेशन हो चुका है, इसलिए ईएमयू/डेमू ट्रेन पुनः शुरू किए जाने का अनुरोध किया गया। सांसद ने इस संबंध में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। ढिंढा रेलवे स्टेशन पर कोरोना काल में बंद की गई भोपाल-जोधपुर ट्रेन के ठहराव को पुनः शुरू कराने की मांग भी रखी गई। इस दौरान सांसद राव राजेंद्र सिंह एवं झोटवाड़ा विधायक कर्नल राज्यवर्धन सिंह का 51 किलो की माला पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत अध्यक्ष अशोक वासदेव, स्टेशन सलाहकार समिति सदस्य अमजद हुसैन सिद्दीकी, दैनिक रेल यात्री संघ ढिंढा अध्यक्ष भंवरलाल जांगिड़, दैनिक रेलयात्री संघ आसलपुर-जोबनेर अध्यक्ष गोपाल कुमावत नरेंद्र पारीक सहित अनेक दैनिक रेलयात्री मौजूद रहे।

- जयपुर-अजमेर रूट पर शाम की डेमू ट्रेन चालू करने की मांग तेज
- जयपुर-भोपाल ट्रेन में भीड़ रहती है इससे यात्री ट्रेन में चढ़ ही नहीं पाते

दैनिक रेलयात्री संगठन के लोगों ने डेमू ट्रेन चलाने की मांग को लेकर जयपुर ग्रामीण सांसद को ज्ञापन सौंपा।

कड़ाके की सर्दी में बस्तियों में बांटे कंबल

पावटा। कड़ाके की ठंड को देखते हुए सरपंच संघ के जिलाध्यक्ष मेहर सिंह धनकड ने अपने जन्मदिन को सादगी और सेवा भाव के साथ मनाते हुए जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण कर मानवता की मिसाल पेश की।

जिलाध्यक्ष ने क्षेत्र की विभिन्न बस्तियों में पहुंचकर गरीब, असहाय, बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों को कंबल वितरित किए, जिससे उन्हें सर्दी से राहत मिल सके।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने जिलाध्यक्ष की इस पहल की सराहना की। सरपंच संघ जिलाध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि जन्मदिन मनाने का सबसे अच्छा तरीका यही है कि समाज के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाई जाए।

कड़ाके की सर्दी में एक कंबल किसी जरूरतमंद के लिए बड़ी राहत बन सकता है। उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसे सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य लगातार किए जाएंगे।

कार्यक्रम में उपस्थित जन प्रतिनिधियों ने कहा कि आज के समय में जब लोग जन्मदिन को भव्य आयोजनों तक सीमित रखते हैं, वहीं सरपंच संघ जिलाध्यक्ष मेहर सिंह धनकड ने इसे सेवा दिवस बनाकर समाज को सकारात्मक संदेश दिया है।

कलैक्टर की रामपुरा में रात्रि चौपाल, ऑगनबाड़ी भवन खोलने पर चर्चा

दौसा। आमजन की समस्याओं का उनके गांव में ही पहुंचकर त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से जिला कलैक्टर देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को सैंथल उपखंड क्षेत्र की रामपुरा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला कलक्टर ने संवेदनशीलता के साथ ग्रामीणों के परिवाद सुने और अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों ने गांव में तेजाजी महाराज के स्थान व पंचायत भवन पर हाई मास्क लाइट लगवाने, ग्राम पंचायत पर किसान सेवा केन्द्र खोलने, राशन कार्ड चालू करने, सीसी सड़क निर्माण करवाने, आम रास्ता आवंटित करने, आंगनबाड़ी भवन खोलने, विद्यालय भवन व श्मशान घाट के चारदीवारी करवाने, पशु चिकित्सालय के लिए भूमि आवंटन करने, चरागाह व सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटवाने, श्मशान घाट का सीमा ज्ञान करवाने, आबादी भूमि का नक्शा सही करवाने एवं अतिक्रमण हटवाने संबंधी परिवाद प्रस्तुत किए। जिला कलक्टर ने परिवादियों की समस्याओं को व्यक्तिगत रूप से संवेदनशीलता से सुना और अधिकारियों को नियमानुसार न्यूनतम समय में निस्तारण कर आमजन को राहत देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो सार्वजनिक प्रकरण राज्य सरकार के स्तर के हैं, उनके नियमों के मुताबिक शीघ्र प्रस्ताव बनाकर भिजवाएं।

- कलैक्टर ने संवेदनशीलता के साथ सुने ग्रामीणों के परिवाद अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

जिला कलैक्टर देवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को सैंथल उपखंड क्षेत्र की रामपुरा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर रात्रि चौपाल का आयोजन किया

डेपुटेशन पर आई सोनोलॉजिस्ट

सांभरझील, (निसं)। यहां जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह की सिफारिश पर सांभर उप जिला अस्पताल के लिए नरायना में पदस्थापित महिला सोनोलॉजिस्ट को सप्ताह में दो दिनों के लिए सोनोठाफी के कार्य हेतु प्रतिनयुक्ति पर यानी डेपुटेशन पर लगाया गया है, बाकी शेष दिन वह अपने मूल पदापस्थपन स्थान पर सेवा देती रहेगी। उप जिला अस्पताल सांभर में करीब दो दशक बाद सोनोलॉजिस्ट को दो कार्य दिवस के लिए चिकित्सा विभाग की तरफ से तैनात किया गया है। यानी नियुक्ति नहीं बल्कि प्रतिनयुक्ति पर ही ड्यूटी देनी होगी। जिस महिला सोनोलॉजिस्ट को यहां लगाया गया है, उनको वेतन मूल पदास्थापन स्थान से ही मिलेगा। इसका श्रेय सांभर के युवा टीम व समय-समय पर राष्ट्रदूत की ओर से उठाई गई आवाज को जाता है जिन्होंने यहां की गरीब लोगों की पीड़ा को समझते हुए जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह से मुलाकात कर उन पर जबरदस्त दबाव बनाया। दबाव थोड़ा तो काम आया लेकिन अब यहां पर परमानेंट नियुक्ति करने के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे इस पर अभी से गहन चिंतन किए जाने की जरूरत है।

सार-समाचार

रंग-बिरंगी पतंगों से सजा बाजार

पावटा। क्षेत्र में मकर संक्रांति पर्व को लेकर बाजारों में खासा उत्साह और रौनक देखने को मिल रही है। 14 जनवरी को मनाए जाने वाले इस पर्व के मद्देनज़र पावटा कस्बे के के मुख्य बाजारों सहित ग्रामीण क्षेत्र बाजार रंग-बिरंगी पतंगों से सज गए हैं। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में पतंगबाजी को लेकर जबरदस्त उत्साह दिखाई दे रहा है। इन दिनों बाजारों में छोटी-बडी, सादी व डिजाइनर, कार्टून व धार्मिक चित्रों वाली पतंगों की भरमार है। इसके साथ ही मांझा, डोर, चरखी और दस्ताने जैसी सामठी की दुकानों पर भी अच्छी-खासी भीड़ उमड़ रही है। योगेश शर्मा, महेश शर्मा, सीताराम टेलर, हंसराज टेलर सहित दुकानदारों का कहना है कि मकर संक्रांति पर्व को देखते हुए बिक्री में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और पिछले वर्षों की तुलना में इस बार मांग अधिक है। मकर संक्रांति पर्व को लेकर घर-घर में भी तैयारियां जोरों पर हैं। महिलाएं तिल के लड्डू, गजक, रेवडी, चिकी सहित अन्य पारंपरिक व्यंजन बनाने में जुटी हुई हैं। वहीं पर्व के दिन पतंग उड़ाने को लेकर मोहल्लों व छतों पर विशेष तैयारी की जा रही है। प्रशासन व पुलिस विभाग द्वारा भी पर्व को लेकर सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। आमजन से अपील की जा रही है कि पतंगबाजी के दौरान सुरक्षित मांझे का प्रयोग करें और किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचने के लिए सावधानी बरतें। कुल मिलाकर मकर संक्रांति पर्व को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल है और रंग-बिरंगी पतंगों से सजा बाजार लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

वस्तुओं को स्कूलों में बांटने की अपील

दौसा। आरपीएससी शिक्षक फोरम ने जिले भर की महिलाओं से मकर संक्रांति पर कलपने वाली वस्तुओं को सरकारी विद्यालयो में अध्ययनरत जरुरतमंद बालक-बालिकाओं को वितरण किये जाने की अपील की है। इधर आरपीएससी शिक्षक फोरम 14 जनवरी को गरीब बस्ती में पदवेश एवं पतंग वितरण करेंगे। जिला प्रवक्ता अभय सक्सेना ने बताया कि मकर संक्रांति पर परंपरा है कि महिलाएं इस दिन सुहाग की सामग्री और 14 वस्तुओं को कलपती (बांटना) है। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालय में अध्यनरत बालक-बालिका अत्यंत गरीब वर्ग से आते हैं। मकर संक्रांति पर वस्तुओं को कल्पने हेतु इन बालकों का चयन किया जाए तो सारगर्वित होगा साथ ही पुण्य लाभ मिलेगा। क्योंकि इन लोगों को यदि ये वस्तुएं मिलती है तो दैनिक जीवन में काम आऐगी और आपका कलपना सार्थक हो जाऐगा। उन्होने सभी अध्यापक-अध्यापिकाओं से आ ान किया है कि वे अपने परिवारजनों, मित्रों को मकर संक्रांति पर सरकारी विद्यालय में अध्ययनरत बालक- बालिकाओं को ही वस्तुओं को दान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि आरपीएससी शिक्षक फोरम 14 जनवरी को टोडी पाडा, गरीब बस्ती दौसा में पदवेश एवं पतंगों का वितरण किया जावेगा।

जागरुकता के लिए हेलमेट रैली निकाली

टोंक। प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी 1 से 31 जनवरी 2026 तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 थीम ''सीख से सुरक्षा, टेक्नोलॉजी से परिवर्तन'' पर आयोजित किया जा रहा है। जिसके तहत् परिवहन विभाग द्वारा वाहन हेलमेट रैली का आयोजन किया गया, जिसको जिला परिवहन अधिकारी सम्पत राम वर्मा एवं परिवहन निरीक्षक अतुल शर्मा द्वारा रैली को हरि झण्डी दिखाकर जिला परिवहन कार्यालय, टोंक से रवाना किया गया। यह रैली मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए शहर के मुख्य छावनी चौराहा, घण्टाघर, पटेल सर्किल, सिविल लाईन, डिपो, हेमु सर्किल, सवाई माधोपुर रोड होते हुए कार्यालय पर समापन हुई। इस रैली से आमजन को दुपहिया वाहनों पर हेलमेट और चौपहिया वाहनों में सीट बैल्ट लगाने हेतु प्रेरित किया गया।

मनरेगा का नाम बदलने का विरोध

दूदू। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय सभागार में पूर्व विधायक बाबूलाल नागर की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान सरकार द्वारा मनरेगा योजना बदलने के खिलाफ व वापस चालू करने की मांग को लेकर ग्राम पंचायत स्तर पर रैलियां व विचार गोष्ठियों के आयोजन पर चर्चा की गई तथा एस आई आर के संबंध में बी एल ओ से फीडबैक लेने का निर्णय किया। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिवजी राम, प्रवक्ता त्रिलोक सिंह, तेजकरण चौधरी, पूर्व प्रधान श्रीराम सारण सहित सभी अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जसवंत गोठवाल महासचिव बने

टोंक। अली गोल्ड जिम मास्टर्स वेट लिफ्टिंग एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के गठन की बैठक बुधवार को आयोजित की गई। जिसमें उपस्थित सभी सदस्यों की सहमति से अध्यक्षता कर रहे मुमताज राही ने कार्यकारिणी का गठन कर सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर रईस अहमद एवं महासचिव पद पर जसवंत गोठवाल को नियुक्त किया। इसी प्रकार कार्यकारिणी के कोषाध्यक्ष पद पर बिलाल जुबेर खां, उपाध्यक्ष पद अकिल अहमद, अब्दुल गफूर शेरा, सैयद जिशान अली, साजिद अहमद, सहसचिव पद पर मोहम्मद नफीस, रमेशचंद खटीक, सरफराज केसरी, सोनू सैनी, सन्नी सहित कई कार्यकारिणी सदस्य एवं मुख्य संरक्षक विशाल श्रीवास्तव, संरक्षक विकास लोदी व धर्मेन्द्र सालोदिया को बनाया गया।

सड़क हादसे में विवाहिता की मृत्यु

कोटपूतली। निकटवर्ती ग्राम राजनौता की मुख्य सड़क पर बुधवार तड़के हुई सड़क दुर्घटना में एक विवाहिता की मृत्यु हो गई। राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल ट्रौमा सैंटर नर्सिंग अधिकारी श्रीराम सराधना ने बताया कि निकटवर्ती कस्बे बहरोड के ग्राम ढिढोर निवासी रूबिना बानो (28) पत्नी आषू खान बाईक पर सवार होकर अपने पति के साथ जा रही थी। राजमार्ग पर चौकी गोरधनपुरा पुलिया के पास राजनौता रोड पर बाईक को ट्रेलर ने टक्कर मार दी। जिसमें पीछे बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे गंभीरावस्था में राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में लाया गया, जिसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

2025 में 12 बाल विवाह रुकवाए

निवाई। बाल सुरक्षा एवं संरक्षण की दिशा में टोंक जिला वर्ष 2025 में एक मिसाल बनकर उभरा है। जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, श्रम विभाग, बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं समुदाय के साथ समन्वय स्थापित करते हुए सिकोईडिकोन संस्था ने बच्चों के अधिकारों की रक्षा हेतु प्रभावी एवं समयबद्ध हस्तक्षेप किया। सिकोईडिकोन संस्था के परियोजना समन्वयक देवेंद्र कुमार जांगिड़ ने बताया कि वर्ष 2025 के दौरान सिकोईडिकोन द्वारा जिले में 12 बाल विवाह रुकवाए गए। इसके साथ ही 10 बच्चों को बाल श्रम जैसी अमानवीय प्रथाओं से मुक्त कराया गया। वहीं 10 बच्चों को बाल श्रम से छुड़ाकर बच्चों को पुनः विद्यालयों में दाखिला दिलाकर शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा गया। जिससे उनके भविष्य को सुरक्षित दिशा मिल सकी। उन्होंने बताया कि सिकोईडिकोन संस्था राजस्थान में बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए कार्यरत नागरिक समाज संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन का सहयोगी संगठन है। जेआरसी के 250 से अधिक सहयोगी संगठन देश के 451 जिलों में सक्रिय रूप से बाल अधिकारों की रक्षा के लिए कार्य कर रहे हैं। जेआरसी नेटवर्क द्वारा 1 जनवरी 2025 से अब तक देशभर में 1 लाख 98 हजार 628 बाल विवाह रोके गए, साथ ही 55 हजार 146 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। जिनमें 40 हजार 830 लड़के व 14 हजार 316 लड़कियां शामिल हैं। इसके अलावा 42 हजार 217 बाल श्रम के मामलों में कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की गई है।